• जयपुर, रविवार, 24 मार्च 24 • वर्ष 13 • अंक 214 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

• स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बेटी ने मां को फोन कर गुहार लगाई-ससुराल वाले बहुत मारपीट करते हैं...

पेज @4 जयपुर में हुआ भीषण हादसा फैक्ट्री में 6 लोग जिंदा जले...

पेज @8 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने 90 दिनों में किए जनहित के...

### नागौर लोकसभा सीट आरएलपी से गठबंधन में छोड़ी

# कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट करी जारी

## जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से चोपड़ा,धौलपुर-करौली से जाटव को उतारा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।( खलील कुरैशी)** कांग्रेस ने राजस्थान के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। तीसरी लिस्ट में केवल दो सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं, जबकि नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के लिए गठबंधन में छोड़ी है। करौली- धौलपुर सीट से पूर्व मंत्री भजनलाल जाटव को और जयपुर ग्रामीण से अनिल चोपड़ा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अब तक तीन बार 17 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार चुकी है, जबकि दो सीट गठबंधन में छोड़ चुकी है। अब 6 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। इससे पहले सीकर सीट सीपीएम के लिए गठबंधन में छोड़ चुकी है।पिछली बार गठबंधन में बेनीवाल बीजेपी के साथ थे, इस बार कांग्रेस से पिछले चुनाव का नागौर सीट पिछली बार बीजेपी ने हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के लिए गठबंधन में छोड़ी थी। हनुमान बेनीवाल 2019 में नागौर से आरएलपी-बीजेपी गठबंधन के उम्मीदवार थे। इस बार भूमिकाएं बदल गई हैं। पिछली बार नागौर से कांग्रेस उम्मीदवार ही ज्योति मिर्धा अब बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। इस सीट पर बेनीवाल के चुनाव लड़ने की संभावना है। जयपुर ग्रामीण अनिल चोपड़ा (35 वर्ष)



**• शिक्षा : पोस्ट ग्रेजुएट प्रोफाइल**

» कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं। एनएसयूआई से राजनीति की शुरुआत की। राजस्थान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रहे है। ठरवकके राष्ट्रीय सचिव रह चुके हैं। सचिन पायलट समर्थक है। विधानसभा चुनावों में भी टिकट के दावेदार थे।₹क्यों मिला टिकट₹: युवा और नए चेहरे के तौर पर मौका दिया है। सचिन पायलट ने पैरवी की।

**• ज्यादातर कांग्रेसी नेता बेनीवाल से गठबंधन के खिलाफ थे**

» कांग्रेस में अधिकतर नेता नागौर सहित किसी भी सीट पर हनुमान बेनीवाल की पार्टी से गठबंधन के खिलाफ थे। पूर्व सीएम अशोक गहलोत बेनीवाल से गठबंधन के पक्ष में थे। बताया जाता है कि गहलोत की वजह से ही आरएलपी से गठबंधन सिरे चढ़ा। बेनीवाल बाड़मेर और नागौर सीट गठबंधन में मांग रहे थे, लेकिन हरीश चौधरी खिलाफ थे। बाद में आरएलपी नेता उम्मेदाराम बेनीवाल को कांग्रेस में शामिल करके उन्हें टिकट दे दिया। बेनीवाल से ? गठबंधन के बाद अब कांग्रेस में कुछ नेता विरोध कर सकते हैं। दिव्या मदेरणा ने भी खुलकर विरोध जताया था।

**• करौली-धौलपुर भजनलाल जाटव (55 वर्ष) शिक्षा: 10वीं प्रोफाइल**

दो बार विधायक रह चुके हैं। गहलोत सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रह चुके हैं। पहली बार 2014 के उपचुनाव में खैर से औते, दूसरी बार 2018 में जीते 2023 में हार गए। पूर्वी राजस्थान में पार्टी के प्रमुख दलित चेहरों के तौर पर पहचान। ₹क्यों मिला टिकट₹: जातीय समीकरणों और मौजूदा सियासी हालात में फिट बैठ रहे थे। उन्हें सबसे मजबूत माना गया। कांग्रेस की एक और सूची आने की संभावना है। दौसा सीट से विधायक मुरारीलाल मीणा का नाम लगभग तय माना जा रहा है।पहले फेज की दौसा सीट पर उम्मीदवार की घोषणा बाकी पहले फेज में जिन 12 सीटों पर 27 मार्च को नामांकन की आखिरी तारीख है, उनमें दौसा सीट भी शामिल है।

**• इन छह सीटों पर घोषित नहीं हुए प्रत्याशी**

» दौसा, कोटा, अजमेर, राजसमंद, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा बाकी है।

**व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कांग्रेस के साथ आया हूं बेनीवाल**

» कांग्रेस की तरफ से नागौर सीट पर गठबंधन की घोषणा के बाद हनुमान बेनीवाल ने सोशियल मीडिया पर कांग्रेस नेताओं का आभार जताया। बेनीवाल ने लिखा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए हमने एक कदम बढ़ाया और एक कदम काग्रेस पार्टी ने बढ़ाया और उसी के परिणामस्वरूप नागौर लोकसभा की सीट इंडिया गठबंधन में आरएलपी ही को दी गई है। इसके लिए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी परिवार की तरफ से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, काग्रेस संसदीय दल की अध्यक्षा सोनिया गांधी कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहित प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं और प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी का बहुत बहुत धन्यवाद।

### 'तत्काल सुनवाई नहीं'

## अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट अगले सप्ताह करेगा विचार

नई दिल्ली/एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी और रिमांड के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है और कहा है कि इसपर तुरंत सुनवाई की जाए। केजरीवाल की ओर से दी गई अर्जी में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी और रिमांड दोनों आदेश अवैध हैं, उन्हें तुरंत हिरासत से रि-हा कर देना चाहिए। इसपर, दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल के वकील द्वारा इस याचिका पर तुरंत सुनवाई के लिए दी गई अर्जी को तत्काल सूचीकरण के लिए कहा गया था। अब हाईकोर्ट ने इससे साफ इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले को बुधवार को फिर से खोलने के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। याचिका में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से रविवार 24 मार्च को तत्काल इस पर सुनवाई करने की मांग की गई है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने सात दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड पर भेज



दिया है. केजरीवाल को अब 28 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाएगा. हालांकि ईडी की ओर से 10 दिन की रिमांड मांगी गई थी. केजरीवाल को कल शराब नीति मामले में ईडी ने उनके घर से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद आज उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया.

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया. ईडी ने अदालत में दावा किया कि कथित आबकारी घोटाला मामले में अपराध से अर्जित कमाई की ''बड़ी लाभार्थी'' रही आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा धनशोधन कराए जाने के लिए केजरीवाल ने दिल्ली का मुख्यमंत्री होने का फायदा उठाया.

## संक्षिप्त समाचार

### मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी आखिरकार गिरफ्त में, 20 साल से चल रहा था फरार

**मुंबई/एजेंसी।** मुंबई की क्राइम ब्रांच को आज एक बड़ी सफलता मिली है। मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई डिपोर्ट कर लिया गया है। प्रसाद 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी शुक्रवार को गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाए हैं। 2020 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी की मां इंदिरा विल पुजारी को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। प्रसाद पुजारी मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच से बचकर चीन भाग गया था। इसके बाद इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 62 वर्ष की इंदिरा और दो अन्य पर मुंबई के एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगा था।

### भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की अगली सूची पर विचार मंथन के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक शनिवार शाम को हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों की अगली सूची पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों के लगभग 150 उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई जा सकती है।

**आतंकी हमले से दहला मॉस्को**

### क्रास्नोगोर्स्क शहर के क्रोकस सिटी हॉल को आतंकियों ने बनाया निशाना

# 145 से अधिक की मौत, 100 घायल




एजेंसी

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के क्रास्नोगोर्स्क शहर के क्रोकस सिटी हॉल (संगीत स्थल) में हुए आतंकवादी हमले में अबतक 143 लोगों की मौत हो गयी है और 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, यह हमला शुक्रवार शाम हुआ। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अगले दो दिनों में राजधानी में सभी सामूहिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

रूस की जांच समिति ने कहा कि प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया।

समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था।

रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये सभी क्रोकस सिटी हॉल हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

मॉस्को के बाहर क्रोकस सिटी हॉल के कॉन्सर्ट स्थल पर गोलीबारी हुई और उसके बाद भीषण आग लग गई। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की।

रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है।

**पीएम मोदी ने की हमले की कड़ी निंदा, कहा-**

### भारत दुख की इस घड़ी में रूस के साथ

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉस्को के क्रास्नोगोर्स्क शहर के क्रोकस सिटी हॉल (संगीत स्थल) में हुए आतंकवादी हमले की शनिवार को कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट पर लिखा, 'हम मॉस्को में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।'**

कैश फॉर क्वेरी मामला:

### टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ीं, सीबीआई ने ठिकानों पर की छापेमारी

**कोलकाता/एजेंसी।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आज महुआ के आवास सहित कई ठिकानों पर सीबीआई ने छापामारी की है। टीएमसी नेता पर यह कार्रवाई कैश फॉर क्वेरी मामले में की गई है। सीबीआई इस मामले में टीएमसी नेता के कोलकाता स्थित आवास और अन्य स्थानों पर तलाशी ले रही है। इससे पहले गुरुवार को उनके खिलाफ सीबीआई ने रेगुलर केस दर्ज किया था। दिल्ली से सीबीआई की एक टीम महुआ के पिता के दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके स्थित फ्लैट पर पहुंची है। इससे पहले लोकपाल ने 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में ईडी को महुआ मोइत्रा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआई को निर्देश दिया कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच की जाए।



## बारातियों से भरी बस की ट्रक से जबरदस्त भिड़ंत, मची चीख-पुकार, 5 लोगों की मौत

**रांची/एजेंसी।**

झारखंड के लोहरदगा जिले में कुडू के पास बीती रात बारातियों से भरी बस और हाइवा ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल करीब एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया



गया है। बारातियों से भरी बस रांची के बोड़ेया से गुमला के विशुनपुर लौट रही थी। रात करीब दस बजे कुडू में टाटी चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की बस से सीधी भिड़ंत हो गई। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, तब घायलों को बस से निकालकर इलाज के लिए लोहरदगा और रांची भेज दिया गया था। हादसे में जिन पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, उनमें प्रियंका कुजूर (5), सुमंति खेरवार (6), छत्रपाल उरांव, अल्ताफ और आठ महीने का एक बच्चा शामिल है।

# केजरीवाल अब अपने को करें निर्दोष साबित

अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे। वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देशभर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावों-वादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे-मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो गया और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप-प्रत्यारोप का दौर । दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिंह मुसाफिर को।

गुस्ताखी माफ, कम ही दिल्लीवालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिंह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे। बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधानसभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय कुमार मल्होत्रा और जगप्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंह राव थे। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई । जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं, तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोई विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाई उनकी वजह से मुमकिन हुई। हालांकि, उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके। क्यों यमुना मैली ही होती रही? कैसे दिल्ली बन गई दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी? अरविंद केजरीवाल ने इन सवालों के जवाब देने की कभी जरूरत महसूस नहीं की। अरविंद केजरीवाल को यही लगता रहा कि अखबारों में बड़े-बड़े खर्चीले विज्ञापन देकर वे अपने को महान साबित करते रहेंगे। आप जब दिल्ली में जी.टी.रोड से आगे बढ़ते हैं, तो आपको दूर से ही भलस्वा में काला पहाड़ नजर आने लगता है। वह दिन में भी डराता है। अगर उसे पहली बार देखेंगे तो लगेगा कि मानो कोई प्राचीन किला हो। पर यह कूड़े का ढेर है। इस तरह के कूड़े के पहाड़ राजधानी में गाजीपुर तथा ओखला में भी है। भलस्वा, ओखला और गाजीपुर के इन पहाड़ों में कुछ औरत-मर्द कुछ बीनते हुए नजर आ जाते हैं। जिस राजधानी दिल्ली में हरी-भरी लुटियंस दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली छावनी और दर्जनों अन्य शानदार एरिया हैं, वहां लगभग सौ एकड़ एरिया में फैले कूड़े के किले शर्मसार करते हैं। यह तीनों कूड़े के किले अरविंद केजरीवाल के तमाम दावों की कलई खोल कर रख देते हैं। इनके आसपास बेबस लोग रहते हैं। क्या कभी अरविंद केजरीवाल ने सोचा कि किस तरह से इनके पास लोग नारकीय स्थिति में रहते होंगे? इनसे हर वक्त भयंकर दुर्गंध आती रहती है। अब तो दिल्ली विधानसभा और नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं। पर यह कूडे के किले पहले की तरह से खड़े हैं या यह कहिये कि प्रतिदिन बड़े होते जा रहे हैं। यह कहना होगा कि दिल्ली नगर निगम ने कूड़े के निस्तारण और इसकी री-साइक्लिग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। क्या इन काले पहाड़ों को हटाने से मोदी सरकार ने मना किया था? राजधानी के एक एक बड़े भाग में लुटियंस दिल्ली आती है। इसमें केन्द्रीय मंत्री, सांसद, बड़े उद्योगपति वगैरह रहते हैं। इसके रखरखाव पर मोटा बजट खर्च होता है। राजधानी के नई दिल्ली एरिया की देखभाल नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) करती है। यहां पर तो कमोबेश सब कुछ ठीक है। इसकी तुलना दुनिया के किसी भी शहर के हिस्से से की जा सकती है। इधर कोई कूड़े के पहाड़ भी नहीं हैं। मसला शेष दिल्ली का है। उसका हल भी मुमकिन है अगर कूड़े की-साइक्लिग को लेकर रफ्तार से काम चले। कौन नहीं जानता कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के सत्ता पर आते ही अराजकता फैलने लगी। हद तो तब हो गई जब दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की मुख्यमंत्री ने अपने निजी सहायकों द्वारा सरकारी आवास पर मध्य रात्रि में बुलवाकर गुंडे किस्म के हिस्ट्रीशीटर विधायकों द्वारा लात- घूंसों से पिटाई करवा दी। ऐसा शर्मनाक वाकया पहले कभी नहीं सुना था कि मुख्यमंत्री के आवास पर किसी आला आई.ए.एस अफसर को सत्तासीन दल के विधायकों द्वारा लात-घूंसों से पीटा जाए। यदि कोई सरकार ही गुंडई पर उतारू हो जाये तो उससे भी तो फिर उसकी भाषा में ही तो निबटना होता है। फिलहाल तो अरविंद केजरीवाल को अपने को पाक-साफ करना होगा।

# होली सबकी प्रीति, राष्ट्र की रीति



हृदयनारायण दीक्षित

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है। आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश,



दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल। होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है।

होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं। होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक सम्बंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक सम्बंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकर्त्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ. 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परम्परा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग है। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग, सुर, छंद है, ताल लयसंगीत हैं, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# आखिर नरपिशाच हत्यारे के जनाजे में भीड़ क्यों जुटी?



मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तर प्रदेश के बदायूं में दो बच्चों की नृशंसहत्याने पूरे देश को हैरान कर दिया है। लेकिन अब इस नृशंसता के मुल्जिम साजिद शेख के जनाजे में बहुत बड़ी तादाद में एक समुदाय विशेष के लोगों का शामिल होना उत्तर प्रदेश में फैल रही सांप्रदायिक घृणा व द्वेष को इंगित कर रहा है यह बेहद शर्मसार करने वाला और गहरी चिंता का विषय है। इस हत्याकांड में जिस तालिबानी तरीके से दो मासूम बालकों को धारदार हथियार से काट कर हत्या कर दी गई वह किसी बेहद शातिर पेशेवर हत्यारे के कृत्य से भी अधिक खतरनाक व खौफनाक मालूम पड़ता है। जिसे एक हिन्दू परिवार के घर के ठीक सामने सैलून चलाने वाले दो जालिमों ने अंजाम दिया। जैसा कि आप जानते हैं कि बच्चों की हत्या का आरोपी साजिद भी एनकाउंटर में मारा गया है। कई लोगों के मन में सवाल है कि आखिर क्या मामला था कि शख्स ने मासूमों की खौफनाक तरीके से हत्या करने से पहले एक बार सोचा भी नहीं। आखिर घर में घुसकर आरोपी साजिद हत्या कैसे कर पाया?

एक ओर समूचा देश इस निर्मम हत्याकांड से स्तब्ध है तो दूसरी ओर एनकाउंटर में मारे गए हत्यारे साजिद शेख के जनाजे में जिस तरह बीस हजार से अधिक लोग शामिल हुए हैं वह और भी अधिक स्तब्ध करने वाला मामला है। यह कौन सी मानसिकता विकसित की जार ही है जिसमें दो मासूमों के हत्यारे को मिट्ट देने के लिए इतनी बड़ी तादाद में एक समुदाय विशेष का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह नफरत का बीजारोपण कौन कर रहा है?

बदायूं की यह घटना स्वयं में दिल झकझोर देने वाली है इस घटना में कई एंगल विचारणीय हैं पीड़ित परिवार की महिलाओं के बयानों में बताया गया है कि नाई का काम करने वाला साजिद 22 वर्ष अपने भाई जावेद के साथ सैलून के सामने रहने वाले विनोद के घर पहुंचा और पत्नी को गर्भवती बताया और डिलीवरी के लिए अस्पताल में दाखिल होने की बात कहते हुए? 5000 उधार मांगे जिस पर विनोद की पत्नी ने विनोद को फोन मिलाकर अनुमति लेकर? 5000 साजिद को दिए तभी साजिद ने थोड़ा तबियत बोझिल होने का बहाना बनाते हुए संगीता का पार्लर देखने और थोड़ा खुले में जाने की बात कह कर आयुष(13 साल) बड़े बच्चे को साथ लेकर छत पर चला गया बताया गया है कि इसी बीच बच्चों की मां संगीता ने साजिद के लिए चाय बनाकर भेजी साजिद ने दूसरे बच्चे आहान को पानी लेने के लिए नीचे भेजा और इस बीच आयुष को बड़ी छुरी से मार दिया जब छोटा बालक आयान वहां पानी लेकर ऊपर पहुंचा तो उसने देखा कि साजिद ने बड़े भाई आयुष का को धारदार हथियार से काट कर मार दिया था आरोप है कि साजिद ने पानी लेकर गए छोटे बच्चे 7 साल के अयान को भी धारदार हथियार से काटकर मार दिया इसी बीच मझला बालक पीयूष साजिद द्वारा मंगाया गया गुटखा मसाला लेकर छत पर पहुंचता है तो देखता है कि वहां उसके दोनों भाइ खून से तरबतर जमीन पर पड़े तड़प रहे हैं और साजिद हाथ में छुरी लिए हुए पीयूष को पकड़ने के लिए दौड़ता है पीयूष किसी तरीके से धक्का देकर उसके हाथ से छूट जाता है क्योंकि साजिद के पांव में शराब पिए हुए गिलास के टूटने से कांच लग जाता है साजिद के चंगुल से बचा बालक पीयूष नीचे आता है मा व दादी को हांफते हुए जल्दी से ऊपर का घटनाक्रम बताता है और मा दादी समेत घर से बाहर निकल जाता है और घर का दरवाजा लगा देता है हत्यारा साजिद घर के अंदर बंद हो जाता है इसी बीच महिलाओं की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाव के लिए मौके की ओर दौड़ते हैं लोग दरवाजा खोलते हैं तो साजिद बाहर खड़े अपने भाई जावेद की मदद से फरार होने में कामयाब हो जाता है इसी बीच घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंचती है और फरार बदमाशों का पीछा करती है करीब आधा किलोमीटर दूर शेखपुरा के जंगल में पुलिस और फरार बदमाशों के बीच मुठभेड़ होती है जिसमें साजिद पिस्तौल से फायर करता है जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो जाता है जवाबी फायरिंग में साजिद मौके पर ढेर हो जाता है जबकि उसका भाई जावेद भाग निकलने में कामयाब रहता है इस पूरी घटनाक्रम में सबसे अधिक गौर तलब करने वाली एक बात यह है कि अभी तक दोनों बच्चों के मर्डर के पीछे कोई मोटिव निकलकर सामने नहीं आया है मृतक बच्चों के पिता विनोद और मां संगीता साजिद जावेद उसके परिवार से किसी भी तरह की रंजिश होने से इंकार करते हैं फिर ऐसी स्थिति में साजिद इन लोगों के घर में पहुंचकर दो मासूम बच्चों का इस निर्मम तरीके से कत्ल क्यों करता है? यह सवाल अनुत्तरित खड़ा है इस समुचित घटनाक्रम में सबसे अधिक चिंता जनक पहलू यह है कि रमजान के पाक महीने में एक मुस्लिम युवक हिंदू महिला के घर में आकर जबकि घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं है सिर्फ छोटे-छोटे बच्चे मौजूद हैं तो इस में उसकी एंट्री करने की इजाजत क्यों दी जाती है वह तबीयत बोझिल होने का बहाना करके बच्चों के साथ घर की तीसरी मंजिल पर छत पर कैसे चला जाता है? और वहां शराब पीने की इजाजत उसे कौन देता है? क्या एक सामान्य घर में इस तरह की परमिशन किसी बाहरी आगंतुक को होती है? जबकि यह युवक तो मुस्लिम है और इससे किसी तरह का संबंध होने से परिवार इनकार कर रहा है इस परिवार ने यह क्यों नहीं सोचा कि जब यह पड़ोसी युवक छत पर शराब पिएगा तो इसका छोटे बच्चों पर क्या असर पड़ेगा? फिर जिस नृशंसता से यह युवक दोनों बच्चों का कत्ल कर देता है और तीसरे बच्चे की भी कत्ल करने की कोशिश करता है।

सवाल यही है कि क्या साजिद संगीता से एक तरफा प्यार करता था? क्या साजिद और जावेद बच्चों समेत पूरे परिवार की हत्या कर लूटपाट की योजना बनाकर आया था लेकिन मझले बालक के हौसले से उनका प्लान पूरा नहीं हुआ?

बहरहाल जो भी हो इस समूचे नृशंसता भरे घटनाक्रम ने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया है सवाल यह है कि ऐसी हैवानियत कहां से आती है? ये कौन लोग हैं जो काश्मीर की तरह मुठभेड़ में मारे गए हत्यारे को शहीद जैसा आखिरी सलाम पेश करने केलिए इतना बड़ी तादाद में बाहर आते हैं? आपको बतादें कि दिवंगत राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जनाजे में इसी समाज के लोग अंगुली पर गिनने की संख्या में भी नहीं आए सरकारी अधिकारियों ने उन्हें आखिरी अकीदत दी। आखिर क्यों एक 22 साल का बेखौफ हत्यारा दो मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार देता है इतनी बहशियाना तरीके से हत्या की जाती है कि इंसानियत जार जार हो जाती है कुछ सियासी दल राजनीतिक रोटी सेकने के लिए पुलिस के एनकाउंटर पर तमाम तरीके से सवाल उठाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन घटना की नृशंसता को देखते हुए पुलिस के किसी भी एनकाउंटर पर सवाल उठाना अनुचित मालूम पड़ता है जावेद भी पकड़ा जा चुका है और इस पूरे घटनाक्रम के रहस्य से भी पर्दा उठ जाएगा तब तक पुलिस संगीता और पीड़ित परिवार के अन्य सदस्यों से भी बातचीत व पूछताछ करने के लिए हालात सामान्य होने का इंतजार कर रही है। लेकिन इतना साफ है कि समाज में बढ़ती अमानवीयता हैवानियत भरी हिंसा और बर्बरता के लिए यही लोग जिम्मेदार हैं जो हत्यारे को पीर बनाने की जुगत कर रहे हैं और इतनी बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर एक जालिम नरपिशाच को अलविदा कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# हिंदी साहित्य में होली के रंग



डॉ. सौरभ मालवीय

होली कवियों का प्रिय त्योहार है। यह त्योहार उस समय आता है जब चारों दिशाओं में प्रकृति अपने सौन्दर्य के चरम पर होती है। उपवनों में रंग-बिरंगे पुष्प खिले हुए होते हैं। होली प्रेम का त्योहार माना जाता है, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण और राधा को होली अत्यंत प्रिय थी। भक्त कवियों एवं कवयित्रियों ने होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं।

कृष्ण भक्त कवि रसखान ने ब्रज की होली पर अत्यंत सुंदर रचनाएं लिखी हैं। इनमें श्रीकृष्ण की राधा के साथ खेली जाने वाली होली प्रमुख है। वे कहते हैं-

**मिली खेलत फाग बढयो अनुराग**
**सुराग सनी सुख की रमकै।**
**कर कुंकुम लै करि कंजमुखि प्रिय**
**के दृग लावन को धमकै।।**
**रसखानि गुलाल की धुंधर में**
**ब्रजबालन की दुति यौं दमकै।**
**मनौ सावन सांझ ललाई के मांझ**
**चहुं दिस तें चपला चमकै।।**

अर्थात श्रीकृष्ण राधा और गोपियों के साथ होली खेल रहे हैं। इस खेल के साथ-साथ उनमें प्रेम बढ़ रहा है। कमल के पुष्प के समान सुंदर मुख वाली राधा श्रीकृष्ण के मुख पर कुमकुम लगाने की चेष्टा कर रही है। वह गुलाल फेंकने का अवसर खोज रही है। चहुंओर गुलाल ही गुलाल दिखाई दे रहा है। इस गुलाल के कारण ब्रजबालाओं की देहयष्टि इस प्रकार दमक रही है जैसे सावन मास के सायंकाल में सूर्यास्त से लाल हुए आकाश में चारों ओर बिजली चमकती रही हो।

कृष्ण भक्त सूरदास ने भी श्रीकृष्ण और राधा की होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं। होली उनकी रासलीलाओं में महत्वूर्ण स्थान रखती है। वे कहते हैं-

**हरि संग खेलति है सब फाग।**
**इहिं मिस करति प्रगट गोपी, उर**
**अंतर कौ अनुराग।।**
**सारी पहिरि सुरंग, कसि कचुकि,**
**काजर दै दै नैन।**
**बनि बनि निकसि निकसि भई**
**ठाढ़ी, सुनि माधौ के बैन।।**
**डफ, बांसुरी रुंज अरु महुअरि,**
**बाजत ताल मृदंग।**
**अति आनंद मनोहर बानी, गावत**
**उठति तरंग।।**
**एक कोध गोविंद ग्वाल सब, एक**
**कोध ब्रज नारि।**
**छांड़ि सकुच सब देति परस्पर,**
**अपनी भाई गारि।।**
**मिलि दस पांच अली कृष्नहिं, गहि**
**लावतिं अचकाइ।**
**भरि अरगजा अबीर कनकघट, देति**
**सीस तै नाइ।।**
**छिरकतिं सखी कुमकुमा केसरि,**
**भुरकतिं बदनधूरि।**
**सोभित है तन सांझ-समै-घन, आए**
**है मनु पूरि।।**
**दसहूं दिसा भयौ परिपूरन, 'सूर'**
**सुरंग प्रमोद।**
**सुर विमान कौतूहल भूले, निरखत**
**स्याम विनोद।**

अर्थात श्रीकृष्ण के साथ सब होली खेल रहे हैं। फागुन के रंगों के माध्यम से गोपियां अपने हृदय का प्रेम प्रकट कर रही हैं। वे अति सुन्दर साड़ी एवं चित्ताकर्षक चोली पहन कर तथा आंखों में काजल लगाकर श्रीकृष्ण की पुकार सुनकर होली खेलने के लिए अपने घरों से बाहर आ गई हैं।

डफ, बांसुरी, रुंज, ढोल एवं मृदंग बजने लगे हैं। सब लोग आनंदित होकर मधुर स्वरों में गा रहे हैं। एक ओर श्रीकृष्ण और ग्वाल बाल डटे हुए हैं तो दूसरी ओर समस्त ब्रज की महिलाएं संकोच छोड़कर एक दूसरे को मीठी गालियां दे रहे हैं तथा छेड़छाड़ चल रही है। अकस्मात कुछ सखियां मिलकर श्रीकृष्ण को घेर लेती हैं और स्वर्णघट में भरा सुगंधित रंग उनके सिर पर उंडेल देती हैं। कुछ सखियां उन पर



कुमकुम केसर छिड़क देती हैं। इस प्रकार ऊपर से नीचे तक रंग, अबीर गुलाल से रंगे हुए श्रीकृष्ण ऐसे लग रहे हैं जैसे सांझ के समय आकाश में बादल छा गए हों। फाग के रंगों से दसों दिशाएं परिपूर्ण हो गई हैं। आकाश से देवतागण अपना विचरण भूलकर श्याम सुन्दर का फाग विनोद देखने के लिए रुक गए हैं तथा आनंदित हो रहे हैं।

मीराबाई श्रीकृष्ण को अपना स्वामी मानती थीं। उन्होंने होली और श्रीकृष्ण के बारे में अनेक रचनाएं लिखी हैं। उनकी रचनाओं में आध्यात्मिक संदेश भी मिलता है। वे कहती हैं-

**फागुन के दिन चार होली खेल मना रे।।**
**बिन करताल पखावज बाजै**
**अणहदकी झणकार रे।**
**बिन सुर राग छतीसूं गावै रोम रोम**
**रणकार रे।।**
**सील संतोखकी केसर घोली प्रेम**
**प्रीत पिचकार रे।**
**उड़त गुलाल लाल भयो अंबर,**
**बरसत रंग अपार रे।।**
**घटके सब पट खोल दिये हैं**
**लोकलाज सब डार रे।**
**मीरा के प्रभु गिरधर नागर**
**चरणकंवल बलिहार रे।।**

इस पद में मीराबाई ने होली एवं फागुन के माध्यम से समाधि का उल्लेख किया है। वे कहती हैं कि फागुन मास में होली खेलने के चार दिन ही होते हैं अर्थात बहुत अल्प समय होता है। इसलिए मन होली खेल ले अर्थात श्रीकृष्ण से प्रेम कर ले। करताल एवं पखावाज के बिना ही अनहद की झंकार हो रही है। मेरा मन बिना सुर एवं राग के आलाप कर रहा है। इस प्रकार रोम-रोम श्रीकृष्ण के प्रेम में लीन है। मैंने अपने प्रिय से होली खेलने के लिए शील एवं संतोष रूपी केसर का रंग घोल लिया है। मेरा प्रिय प्रेम ही मेरी पिचकारी है। गुलाल के उड़ने के कारण संपूर्ण आकाश लाल हो गया है। मैंने अपने हृदय के द्वार खोल दिए हैं, क्योंकि अब मुझे लोक लाज का कोई तनिक भी भय नहीं है। मेरे स्वामी गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाने वाले भगवान श्रीकृष्ण हैं। मैंने उनके चरणों में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया है।

शृंगार रस के विख्यात कवि बिहारीलाल को भी होली का त्योहार बहुत प्रिय था। उन्होंने भी होली को लेकर अनेक रचनाएं लिखी हैं। वे कहते हैं-

**उड़ि गुलाल घूंघर भई तनि रॅी**
**लाल बितान।**
**चौरी चारु निकुंजनमें ब्याह फाग**
**सुखदान।।**
**फूलन के सिर सेहरा, फाग रंग रंगे**
**बेस।**
**भांवरहीमें दौड़ते, लै गति सुलभ**
**सुदेस।।**
**भीण्यो केसर रंगसूं लगे अरुन पट**
**पीत।**
**डालै चांचा चौकमें गहि बहियां दोउ**
**मीत।।**
**रच्यौ रंगीली रैनमें, होरीके बिच**
**ब्याह।**
**बनी बिहारन रसमयी रसिक बिहारी**
**नाह।।**

रीतिकालीन कवि पद्माकर ने भी होली का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है। उन्होंने श्रीकृष्ण की राधा और गोपियों के साथ होली खेलने को लेकर अनेक सुन्दर रचनाएं लिखी हैं। वे कहते हैं-

**फागु की भीर, अभीरिन ने गहि**
**गोविंद लै गई भीतर गोरी**
**भाय करी मन की पद्माकर उपर**
**नाई अबीर की झोरी**
**छीने पीतांबर कम्मर तें सु बिदा**
**कई दई मीड़ि कपोलन रोरी।**
**नैन नचाय कही मुसकाय "लला**
**फिर आइयो खेलन होरी।"**

अर्थात श्रीकृष्ण गोपियों के साथ होली खेल रहे हैं। पद्माकर कहते हैं कि राधा होली खेल रही भीड़ में से श्रीकृष्ण का हाथ पकड़कर भीतर ले जाती है। फिर वह अपने मन की करते हुए श्रीकृष्ण पर अबीर की झोली उलट देती है तथा उनकी कमर से पीतांबर छीन लेती है। वह श्रीकृष्ण को यूं ही नहीं छोड़ती, अपितु जाते हुए उनके गालों पर गुलाल लगाती है। वह उन्हें निहारते एवं मुस्कराते हुए कहती है कि लला फिर से आना होली खेलने।

हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक माने जाने वाले सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' भी होली के रंगों से अछूते नहीं रहे। उन्होंने भी होली के रंगीले त्योहार पर कई कविताएं लिखी हैं। वे कहते हैं-

**होली है भाई होली है**
**मौज मस्ती की होली है**
**रंगो से भरा ये त्यौहार**
**बच्चो की टोली रंग लगाने आयी है**
**बुरा ना मानो होली है**

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी होली पर बहुत सी कविताएं लिखी हैं। वे खड़ी बोली के प्रथम कवि माने जाते हैं। उनकी होली की कविताएं बहुत ही सुन्दर एवं लुभावनी हैं। वे कहते हैं-

**जो कुछ होनी थी, सब होली**
**धूल उड़ी या रंग उड़ा है**
**हाथ रही अब कोरी झोली**
**आंखों में सरसों फूली है**
**सजी टेसुओं की है टोली**
**पीली पड़ी अपत, भारत-भू,**
**फिर भी नहीं तनिक तू डोली**

उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवि हरिवंश राय बच्चन की होली पर लिखी कविताएं बहुत ही सुन्दर हैं। इनमें प्रेम एवं विरह आदि के अनेक रंग हैं। वे कहते हैं-

**तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है**
**देखी मैंने बहुत दिनों तक**
**दुनिया की रंगीनी**
**किंतु रही कोरी की कोरी**
**मेरी चादर झीनी**
**तन के तार छूए बहुतों ने**
**मन का तार न भीगा**
**तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।**

**(लेखक, लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### नेवी पब्लिक स्कूल बाड़ी में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद शाखा की हुई महत्वपूर्ण समीक्षा मीटिंग



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** बाड़ी उपखण्ड में आज दिनांक 23/3/2024को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद शाखा बाड़ी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर फूल और माल्यार्पण कर दीप दान किया गया साथ ही नेवी पब्लिक स्कूल के संस्थापक दारासिंह पचौरी ने सभी का तिलक और पटका डालकर भव्य और दिव्या स्वागत सम्मान किया गया, इस शुभ अवसर पर सूबेदार जगदीश जगरिया ने अपने अंदर की कुरीतियों को मार कर भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया परमार ने अपने अंदर की बुराइयों को मार कर आपसी प्रेम और सद्भाव बड़ाने पर जोर दिया महेंद्र सिंह ने वीररस की कविताओं की प्रस्तुति देकर सभी का मनोरंजन किया साथी हवलदार विजेंद्र सिंह ने जब आपको समय मिले समय निकालकर भगवान का भजन पूजन पर ध्यान देने के लिए कहा गया निरंजन सिंह परमार आध्यात्मिक रूप से आत्मा और परमात्मा के प्रति जैसे श्रद्धा होती है वैसे ही आपसी प्रेम को बढ़ाने पर जोर दिया गया अंत में सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर होली का आनंद उठाया और एक दूसरे को गले लगा कर होली की सभी को शुभकामनाएं दी

### दृष्टिबाधित मतदाता आशादेवी के बुलाने पर पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी, दिया मतदान होम वोटिंग करने का अवसर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** धौलपुर, 23 मार्च। जिले की राजाखेड़ा विधानसभा के अंतर्गत सकतपुर मतदान केंद्र की दृष्टिबाधित मतदाता आशा देवी के घर स्वयं जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर निधि बीटी ने पहुंचकर उनसे मतदान करने में आने वाली परेशानियों को जाना तथा उनके द्वारा होम वोटिंग की इच्छा व्यक्त करने पर बीएलओ और सेक्टर अधिकारी से मौके पर ही होम वोटिंग हेतु पंजीकरण कराने के आदेश दिए।शनिवार दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी का संदेश लेकर दिव्यांग मतदाता आशा देवी पत्नी सुरेश के घर जब प्रशिक्षक अतुल चौहान पहुंचे तो मतदाता ने दृष्टिबाधित होने के कारण होम वोटिंग करने की इच्छा जताते हुए जिला कलक्टर निधि से बात कराने को कहा। इस पर प्रशिक्षण चौहान ने जिला कलक्टर से मोबाइल फोन पर बात करने के लिए संपर्क किया तो उन्होंने स्वयं दिव्यांग मतदाता के घर आकर उससे मिलने के लिए कहा। प्रशिक्षक द्वारा सकतपुर ग्राम में उसके घर की लाइव लोकेशन शेयर करने पर 15 मिनट में ही जिला कलक्टर उनके घर पहुंच गए और बीएलओ भूरी सिंह, सेक्टर अधिकारी रमाकांत शर्मा से होम वोटिंग के लिए फार्म 12 घ भरवा कर होम वोटिंग करने के आदेश दिए। इस अवसर पर मोहल्ले की महिलाएं और पुरुष के साथ युवा मतदाता भी एकत्रित हो गए जिन्हें शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता शपथ भी घर पर ही दिलाई गई। जिला कलक्टर ने उपस्थित महिलाओं से 19 अप्रैल को अपने घर के काम बाद में करने तथा मतदान करने को वरीयता देने की भी बात कही। उन्होंने युवा मतदाताओं से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एप केवाईसी की जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने जनप्रतिनिधि के बारे में इस ऐप के द्वारा जानकारी करें और मतदान करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

### सीएलजी बैठक में शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)**होली त्यौहार को देखते हुए पुलिस सीओ पूनम भरगड़ व प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कलाल ने पुलिस थाना परिसर में सीएलजी सदस्य सहित नगर पालिका जनप्रतिनिधी, महिला सखी संगठन व व्यापारिक संगठन पदाधिकारियों की बैठक ली। साथ ही अफवाहों को नजर अंदाज कर आपसी सौहार्द के बीच होली त्यौहार मनाने व शांति व्यवस्था में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने को कहा। बाद में सीएलजी सदस्यों ने शांति व्यवस्था के लिए पुलिस व प्रशासन का हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।इससे पहले सीएलजी सदस्यों ने मुख्य बाजार में जाम लगने, शहरी क्षेत्र में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए रात्रि दौरान पुलिस गश्त बढ़ाने को कहा। जिस पर पुलिस सीओ पूनम भरगड़ ने रात्रिगश्त बढ़ाते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने व अपराधिक गतिविधियों को रोकने का आश्वासन दिया। जबकि, प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कलाल ने मुख्य बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जागरुक करते हुए व्यापारियों को सहयोग करने को कहा। जिस पर नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार ने आचार संहिता के बाद नगर पालिका के सहयोग से मुख्य बाजार में चिन्हित प्वांट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का आश्वासन दिया। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक पुष्पा उपाध्याय, कृषि मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष शिवदयाल गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष फूलचंद गर्ग, पार्षद हरीश कटारा, शिवराम शर्मा, संजय रौतवार, पूर्व सरपंच भजन खींची, दिलीप सिनसिनवार, त्रिलोक शास्त्री, व्यापार महासंघ जिला उपाध्यक्ष सुभाष जिंदल, अनिल गर्ग, कुंवर नम्बरदार मौजूद रहे।

## दहेज लोभियों ने लील ली मासूम जिंदगी

# बेटी ने मां को फोन कर गुहार लगाई-ससुराल वाले बहुत मारपीट करते हैं, दहेज में सोना-चांदी मांगते हैं,मुझे लेने आ जाओ

# ससुराल से फोन गया कि उसने आत्महत्या कर ली?

चमकता राजस्थान

रामगंजमंडी (कोटा)।कोटा जिले के रामगंजमंडी के तालिया बल्डी गांव से बहुत ही दर्दनाक खबर सामने आई है। इसके अनुसार एक विवाहिता ने अपनी मां को फोन कर ससुराल में उसके साथ दहेज की मांग को लेकर हो रही ज्यादती की जानकारी दी। इसके थोड़ी देर बाद ही उसके ससुराल से फोन गया, उसमें कहा गया था कि आपकी बेटी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना से घर में हाहाकार मच गया। पीहर पक्ष को बिल्कुल विश्वास नहीं है कि उनकी बेटी आत्महत्या कर सकती है।पूजा (26) ने मां को फोन कर कहा था- मां में बहुत ज्यादा दुखी हो गई हूं, मेरे पति और ससुर रोज मेरे साथ मारपीट करते हैं। आज भी मेरे साथ दोनों ने मारपीट की। दहेज में सोना-चांदी मांग रहे हैं और दिन रात मारते हैं। मैंने इस बार तुम्हें ये बात नहीं बताई, क्योंकि ये जो मांग रहे हैं, तुम कहां से लाओगी। मुझे और मेरे दोनों बच्चों को लेने आ जाओ मुझे इनके पास नहीं रहना। इस पर मां ने कहा-तुझे लाने के लिए सुबह तेरे पापा को भेज रही हूं। फोन कटने के 20 मिनट बाद ही ससुराल वालों ने फोन किया और बताया कि आपकी बेटी ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है।यह घटना शुक्रवार शाम करीब 6 बजे की है। सूचना पर पुलिस और विवाहिता के परिजन मौके पर पहुंचे। उसके शव को रामगंजमंडी हॉस्पिटल की मोर्च्युरी में रखवाया गया। साथ ही पीहर पक्ष ने विवाहिता के पति और ससुर पर दहेज के लिए हत्या का मामला दर्ज कराया। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया। इस दौरान हॉस्पिटल में पहुंचे मृतक पूजा के माता-पिता फफक-फफककर रोते रहे।




### पति और ससुर पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज

» रामगंजमंडी थाना एसआई राम प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार शाम 6 बजे तालिया बल्डी निवासी एक विवाहिता के फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मौके पर महिला का शव पंखे से लटका हुआ मिला। इसके बाद शव को रामगंजमंडी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पीहर पक्ष ने महिला के पति और ससुर पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज कराया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर ही चल पाएगा।

#### ● 8 साल पहले हुई थी शादी

» झालावाड़ जिले के भवानीमंडी के निवासी मृतक पूजा के पिता पप्पू बंजारा ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 8 साल पहले बबलू बंजारा से हुई थी। वह तालिया बल्डी (रामगंजमंडी) का रहने वाला है। 6 महीने पहले पूजा के बेटा हुआ था। बड़ा बेटा तीन साल का है। उन्होंने बेटी की शादी में सोना-चांदी के साथ काफी सामान दिया था। शादी के कुछ साल बाद से ही पति बबलू व ससुर मांगीलाल बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। कई बार बेटी ने हमें विवाद की वजह बताई। इस पर उसके ससुर और पति से बात कर मामला शांत करवाया, लेकिन हर दो-तीन महीने में पूजा से मारपीट होती थी। कई बार तो वह हमें बताती ही नहीं थी।

#### ● कई बार पूरी कर चुके थे मांग

» पिता पप्पू बंजारा ने बताया कि बेटी का पति बबलू कम्बल बेचने का काम करता है। 6 महीने पहले दूसरा बच्चा होने के बाद से ससुराल वाले पूजा को लगातार दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। इससे पहले उनकी मांग कई बार पूरी कर दी थी। मेरी बेटी को पति और ससुर ने मारपीट कर मार दिया और फंदे पर लटका दिया।

#### ● मां बोली-10 बार से ज्यादा मांग पूरी की, फिर भी मार डाला

» मां लाली बाई ने कहा कि मेरी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उसके साथ जरूर उसके पति और ससुर ने बुरा किया है, क्योंकि ये लोग हमेशा उससे मारपीट कर दहेज में सोना-चांदी और रुपए लाने की मांग करते थे। हमने पहले भी बेटी को चांदी की सट, कमर बंध और अभी डिलेवरी पर 10 हजार रुपए दिए थे। करीब 10 बार से ज्यादा ससुराल वालों को दहेज के सामान दे चुके हैं। इसके बाद भी उन्होंने हमारी बेटी को मार दिया।सूचना के बाद हॉस्पिटल में पहुंचे पूजा के माता-पिता का रो-रोककर बुरा हाल था।

### महानिदेशक पुलिस राजस्थान उत्कल रंजन साहू ने रंगों के पर्व होली पर दी शुभकामनाएं

**चमकता राजस्थान।** जयपुर (खलील कुरैशी) 23 मार्च। महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने रंगों के त्यौहार होली पर पुलिस जवानों और अधिकारियों सहित सभी प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। डीजीपी साहू ने कहा कि रंगों का त्यौहार होली हम सभी को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भावना का संदेश देता है। प्रदेशवासी होली और धुलंडी का पर्व परम्परागत उल्लास के साथ मनाएं,



इसके लिए प्रदेश के पुलिसकर्मी सदैव अपना फर्ज तत्परता से निभाते हैं। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और पुलिस जवानों को होली के अवसर पर अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहते हुए नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सर्तकता बरतने के निर्देश दिये हैं।डीजीपी ने विश्वास व्यक्त किया है कि होली के अवसर पर प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव, शांति, आपसी प्रेम और सद्भाव की परम्परा और प्रगाढ़ होगी। सभी मिलकर होली और धुलंडी के पर्व की खुशियों को उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे।

### श्रीनगर भारती विद्या मंदिर में धुम धाम से मनाया विदाई समारोह



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर खेड़ा स्थित निजी विधालय भारती विद्या मंदिर में विनय गुप्ता की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए संस्था सचिव रामावतार शर्मा ने बताया कि आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।। दौरान विधालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।प्रधानाध्यापिका सपना शर्मा ने बताया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य स्वच्छता से जुड़े नाटक से जागरूकता का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पल्लवी, राशी, अनुष्का, खुश्बू, नैतिक, रिषभ, अवनीश, मानसी, गुड़िया प्रवीण नितेश युवराज धर्मेंद्र ,भावना, आदेश ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य गीत में भाग लिया। अध्यापिका ममता यादव,कृतिका ,तारा शर्मा, तारा देवी नीलम ,मीना शर्मा व कस्बे के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### सर्व समाजसेवी डॉ अनिल वालिया ने भरतपुर एसपी से की शिष्टाचार भेंट



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के जन जन के लाडले एवं भाजपा के चहेते चेहरों में रहे डॉक्टर अनिल वालिया ने भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा से शिष्टाचार मुलाक़ात भेंट करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में बड़ा योगदान बताते हुए कहा एसपी कच्छावा साहब बहुत ही नेक और ईमानदार अफसर हैं और हमें गर्व कि ऐसे ईमानदार और निष्पक्ष व्यक्तित्व के अफसर हमारे क्षेत्र में सेवारत हैं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप हमेशा खुश और स्वस्थ रहें तथा इसी तरह निष्पक्ष और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का पालन करते रहे।

### नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव ने थामा भाजपा का दामन



**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)** नगरपालिका भुसावर की अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव ने जयपुर पहुँचकर भाजपा का दामन थामा। जहां भाजपा के पदाधिकारियों ने उन्हें सदस्यता दिलवायी। मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव को जयपुर में भाजपा की सदस्यता उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं भाजपा नेता अरूण चतुर्वेदी द्वारा ग्रहण करवायी गई है।

### श्रीनगर से खाटू श्याम तीसरी पैदल यात्रा प्रारंभ



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर से खाटू श्याम जी के लिए तीसरी पैदल यात्रियों के जत्थे ने 160 किलोमीटर की पैदल यात्रा 5 दिन में पूरी करके खाटू श्याम पहुंच कर निशान खाटू श्याम मंदिर पर चढ़ाये।, श्रीनगर श्याम मित्र मंडल के सदस्य सुरेंद्र यादव ने बताया कि तीसरी पैदल यात्रा में मनीष यादव ,सुनील प्रजापत ,महेंद्र यादव, महेंद्र चौधरी, मंगल गुर्जर, धनराज रावत ,दुर्गेश प्रजापत, राजेंद्र यादव, टोनी रावत ने भाग लिया। यादव ने बताया कि पद यात्री श्रीनगर से किशनगढ़, हरमाड़ा ,साली ,मंडा, बेसलाना, किशनगढ़ रेनवाल ,पचार होते हुए खाटू श्याम पहुंचे।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में होली सेलिब्रेशन का हुआ भव्य आयोजन

## गुलाल और फूलों से फागोत्सव जमकर लिया आनंद

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी) 23 मार्च 2024।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंग बरसे भींगे चुनरवाली, होली आई होली आई जैसे होली के गानों पर विशेष नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। मौके पर सभी ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी साथ ही सभी फैक्लटीज ने होली के गानों पर जमकर डांस कर पूरा माहौल होलीमय बना दिया।कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने होली की महत्ता पर जानकारी दी और कहा कि यह त्यौहार आपसी प्रेम, सौहार्द और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली पर्व हमें आपसी मनमुटाव को खत्म कर, प्रेम और शांति के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देता है।




मौके पर चेयरमैन डॉ राजीव बियानी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा और मिलन का त्योहार है। इस प्रकार हम सब होली का त्योहार उल्लास के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में रंग गुलाल उड़ाकर और ठंडाई के साथ सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीकार्यक्रम में कॉलेज के चैयरमेन डॉ. राजीव बियानी , डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी , रिसर्च एंड डवलपमेंट के डायरेक्टर डॉ. मनीष बियानी ,डीन डॉ.ध्यान सिंह गोठवाल , अस्सिटेंट डायरेक्टर सीए अभिषेक बियानी, अस्सिटेंट डायरेक्टर डॉ. राधिका बियानी, प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे , डॉ. अनुपमा शर्मा, सभी फैक्लटी व स्टूडेंटस मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किरोड़ी रोड पर एकता पब्लिक स्कूल में मनाया होली मिलन समारोह

- शिक्षा के साथ-साथ त्योहारो व पारंपरिक गीतों का महत्व अधिक:- डॉ संतोष सिरोही



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '( सुमेर राव)** कस्बे के निकटवर्ती किरोड़ी रोड पर शनिवार को एकता पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया ' होली मिलन समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाई ' एकता पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर संतोष सिरोही व मैनेजर राकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संस्कृति को बचाने व त्यौहारों का महत्व समझाया ' डायरेक्टर डॉक्टर संतोष सिरोही ने अंत में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ त्योहारो व पारंपरिक गीतों का महत्व भी समझाया ' विद्यालय के प्रिंसिपल विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने होली के पारंपरिक लोकगीत भी गाए और प्रांगण को रंगों से इंद्रधनुषी बना दिया ' इस दौरान विद्यालय की अध्यापिका सुश्री रितिका राव, दृष्टि जगाती, नीरा, पूजा सैनी,ईशानी , ऋतिक, झलक, काव्या, चिराग, जयंत,आंचल ,नितिन, जिया ,खुशी ,दीपेंद्र ,सोमेंद्र ,अयान ,दिव्या ,राधिका ,देवांशी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्र मौजूद रहे '

### श्रीनगर लक्ष्य पब्लिक स्कुल में धूमधाम से मनाया विदाई समारोह



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर में निजी स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी गई।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए मां मेरी मां पर, राम आएगे एवं शिक्षा स्वच्छता पर आधारित नाटकीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।,बच्चो ने मनमोहक डांस प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भाग ले रहे बाल कलाकार,रक्षित सिया ग्रूप, खुशाल ग्रुप असमा जागृति ग्रुप, अंजलि ग्रुप, लविना ग्रुप दिव्यांशी ,दिपिका पायल हिमेश ने सुन्दर प्रस्तुतियां दी विधालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सरावगी ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं संस्कृत कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों पर ध्यान दिया जाता है। इस दौरान अध्यापिका हिमानी सरावगी,निर्मला कुमावत ,शिवानी सुनिता का विशेष सहयोग रहा। निर्मला कुमावत ने मंच संचालन किया।समाज सेवी बाबू सिंह रावत, ने विधालय की प्रसंशा की महावीर मेघवंशी,अशोक,हंसराज नन्दा गुजर , प्रथ्वी राज शाहिद कश्मीर आदि उपस्थित रहे

### शिशु वाटिका स्कूल में गुलाल व फूलों से होली खिलाकर मनाया फागोत्सव

- विद्यालय परिसर में सजाई राधा कृष्ण की सजीव झांकी



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)** कस्बे में पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित शिशु वाटिका विभाग उदयपुरवाटी में शनिवार को राधाकृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई। आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति के व्यवस्थापक एडवोकेट रणवीर सिंह ने राधा कृष्ण के तिलक लगाकर पुष्पों से व गुलाल से होली खिलाकर फागोत्सव मनाया। शिशु वाटिका विभाग के संस्था प्रधान श्याम सुंदर शर्मा , आचार्या कृष्णा शर्मा, रिंकू बाटू, अन्नपूर्णा स्वामी, संगीता शर्मा, संगीता सैनी, ने पुष्पों व गुलाल से फागोत्सव मनाने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया। शिशु वाटिका विभाग के मुख्य परिसर में उत्साह से फागोत्सव मनाया गया। नन्हें शिशुओं ने एक दूसरे को गुलाल व पुष्पों से होली खिलाकर फागोत्सव में खूब प्रशन्नता व उत्साह से नृत्य भी किया। फागोत्सव में नन्हें शिशुओं के दादा जी, दादी जी ,माताजी पिताजी ने भी शामिल होकर गुलाल व पुष्पों से होली खेलकर फागोत्सव मनाया। व्यवस्थापक एडवोकेट रणवीर सिंह ने कहा कि यह त्योहार रंगों का व आपसी भाईचारे का त्योहार है। इन्होंने भैय्या बहिनों को ,अभिभावकों व शिशु वाटिका विभाग के संस्था प्रधान, आचार्या दीदीयों, सेवक, चालक को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दी खूशीयों के महापर्व होली एवं धुलंडी शुभकामनाएं

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (24 व 25 मार्च) रंगों और खूशीयों के महापर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने कहा कि उमंग, उत्साह व रंगों का यह त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम, सुख एवं समृद्धि का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आ''ान किया कि वे सामाजिक बुराइयों एवं भेदभाव को मिटाने तथा समरसता बनाए रखने का संकल्प लें। शर्मा ने सभी लोगों से होली खेलने के दौरान प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने और पानी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 मार्च को धुलंडी के दिन ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली का त्यौहार मनाएंगे। इस दौरान शर्मा सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनता के साथ भी होली खेलेंगे।

# जयपुर में हुआ भीषण हादसा फैक्ट्री में 6 लोग जिंदा जले

## बॉयलर फटने से लगी भंयकर आग,दो हुए गंभीर रूप से घायल 1 झुलसा, मौके से नहीं उठाए शव, मालिक फरार

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। जयपुर के पास बस्सी की शालीमार केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 2 घायल को एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया है। इलाज दौरान एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती एक व्यक्ति की रात 9:30 बजे मौत हो गई। मौके पर दमकल की गाड़ियों की मदद से 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। मरने वालों की पहचान मनोहर, हीरालाल, कृष्णलाल गुर्जर और गोकुल हरिजन के रूप में हुई है। दो की पहचान नहीं हुई। घटना शनिवार शाम करीब 6.30 बजे की है। यह आग बॉयलर फटने के कारण लगी थी। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल और रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। इसके दौरान आसपास काम करने वाले पांच लोग सीधे बॉयलर के संपर्क में आए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



- **फैक्ट्री में 50 लोग काम करते हैं**

घायल कालूराम के दूसरे भाई बाबू लाल ने बताया- कंपनी का नाम शालीमार है। यह कंपनी डामर से रिलेटेड केमिकल तैयार करती है। फैक्ट्री में लगभग 50 लोग काम करते हैं।बॉयलर लगातार चलाया जा रहा था मृतक मानोहर के छोटे भाई और चश्मदीद रामवतार ने बताया फैक्ट्री में बॉयलर लगातार चलाया जा रहा था। इसके कारण ये हादसा हुआ। परिवार में कमाने वाले हम दोनों नों भाई ही हैं। अब हमारे भाई के परिवार का क्या होगा।

- **95 प्रतिशत तक झुलसे लोग**

बर्न वार्ड यूनिट के हेड डॉ. प्रदीप गुप्ता ने बताया एसएमएस हॉस्पिटल में अभी दो लोगों को एडमिट किया गया है। जिनमें मनोहर गुर्जर 95 प्रतिशत झुलस चुका था। मनोहर की मौत हो गई। कालूराम 65 प्रतिशत झुलसे हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है।आपको बता दें कि घटना शनिवार शाम करीब 6.30 बजे की है। जब शालीमार फैक्ट्री में करीब 40 लोग काम कर रहे थे। आचानकर बॉयलर फट गया। पांच लोगों की मौके पर ही झुलसने से मौत हो गई। वहीं, एक ने एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल और रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया।

- **तीन बेटियों के सिर से पिता का साया उठा**

एसएमएस हॉस्पिटल में 38 साल के मजदूर मनोहर की मौत मौत हुई। इलाज कर रहे डॉक्टर प्रदीप गुप्ता ने बताया- मनोहर 95 प्रतिशत झुलसा हुआ था। इसमें बचने की संभावनाएं कम ही होती है। मनोहर के छोटे भाई रामवतार ने बताया घर में हम दोनों भाई ही थे। हमारे रोजगार का साधन मजदूरी ही है। मनोहर की तीन बेटियां हैं। तीनों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## जालौर जिले में थाना भीनमाल पुलिस की कार्रवाई

# पिस्टल की नोक पर युवक से मारपीट कर अपहरण के प्रयास में हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

- **मात्र 10 घंटे में तीन आरोपियों को पकड़ पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल व कारतूस किये जब्त**

चमकता राजस्थान

जालौर।(खलील कुरैशी) 23 मार्च। भीनमाल थाना इलाके में भाग रोड भीम जी का बेरा क्षेत्र में एक व्यक्ति से पिस्टल की नोंक पर मारपीट कर अगवा करने का प्रयास करने के मामले में थाना पुलिस की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर मात्र 10 घंटे के अंदर हिस्ट्रीशीटर हरसना राम चौधरी पुत्र सुजानाराम (48) निवासी निंबावास एवं राहुल उर्फ रूद्र राज पुत्र जयंती भाई पटेल (35) निवासी राजकोट गुजरात हाल भीनमाल एवं वेरसी राम देवासी पुत्र पीराजी (25) निवासी रामपुरा थाना करड़ा जिला सांचौर को बापर्दा गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल व एक कारतूस जप्त किया है।



एसपी ज्ञान चंद्र यादव ने बताया कि भीनमाल थाना इलाके के भाग रोड भीम जी का बेरा निवासी मुकेश सुन्देशा पुत्र मोहनलाल को शुक्रवार रात करीब 8:00 बजे अज्ञात बदमाशों द्वारा पिस्टल की नोंक पर अपहरण करने की कोशिश की गई थी। सूचना पर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और अनुसंधान शुरू किया गयाघटना को ट्रेस आउट करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी यादव द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल एवं सीओ अन्नराज सिंह राजपुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ बाबूलाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मात्र 10 घंटे में अज्ञात मुलजिमों को ट्रेस आउट कर आरोपी वेरसी राम देवासी को भीनमाल से दस्तयाब किया गया।इसकी सूचना पर घटना में शामिल हिस्ट्रीशीटर हरसना राम चौधरी व राहुल उर्फ रूद्रराज को डिटेन कर पूछताछ के बाद बापर्दा गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल चौथे आरोपी जामताराम की तलाश की जा रही है। हिस्ट्रीशीटर हरसना राम के विरुद्ध पूर्व में चोरी, नकबजनी व मारपीट के कुल 20 प्रकरण दर्ज है।

### नामांकन सभा की तैयारी और चुनाव प्रचार की रणनीति को लेकर कैलाश चौधरी का संसदीय क्षेत्र में तूफानी दौरा

- **कैलाश चौधरी विधानसभा वार संसदीय क्षेत्र में प्रवास के माध्यम से कार्यकर्ताओं और आमजन को दे रहे हैं नामांकन सभा में आने का निमंत्रण**



**चमकता राजस्थान। बाड़मेर/जैसलमेर/बालोतरा** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं बाड़मेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी अपनी 28 तारीख को नामांकन सभा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए लगातार संसदीय क्षेत्र में विधानसभा वार भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात कर रहे हैं। पहली लिस्ट में ही प्रत्याशी घोषित होने के बाद केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी पहले देव दर्शन यात्रा, फिर प्रवासियों से स्नेह मिलन तथा अभी प्रत्येक विधानसभा में प्रवास के माध्यम से भाजपा के पक्ष में माहौल मजबूत बनाने को लेकर प्रयास कर रहे हैं।

चार दिवसीय प्रवास में प्रत्येक विधानसभा में कार्यक्रम का शेड्यूल : 21 मार्च को सुबह बाड़मेर, दो पर बायतु और शाम को पचपदरा विधानसभा कर करके 22 मार्च को सिवाना और गुड़ामालानी विधानसभा में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। 23 मार्च को सुबह जैसलमेर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात और नामांकन सभा से संबंधित चर्चा के बाद विधानसभा क्षेत्र शिव मुख्यालय और शाम को 4.00 चौहटन मुख्यालय पर कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से संवाद चर्चा करेंगे। चौहटन से वापस लौटते समय बाड़मेर जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।लोकसभा प्रभार वाली टीम रहती है साथ, कार्यकर्ताओं से लिया जा रहा है फीडबैक : कैलाश चौधरी के संसदीय क्षेत्र में प्रवास और कार्यकर्ताओं से स्नेह मिलन समारोह के दौरान लोकसभा प्रभारी और राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, सह प्रभारी पूर्व विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित, लोकसभा संयोजक खुमान सिंह सोढ़ा, स्थानीय विधायक, जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, मोर्चा कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकारिणी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहते हैं। बैठक में 28 मार्च की नामांकन सभा को सफल बनाने के साथ आगामी चुनाव प्रचार प्रसार की रणनीति पर चर्चा हो रही है। सभी वक्ताओं का जोर देश में तीसरी बार मोदी सरकार को लाने के आह्वान पर होता है।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव के संदर्भ में प्रत्याशियों ने किये नामांकन पत्र दाखिल

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर के वार्षिक चुनाव 30 मार्च को सम्पन्न होंगे। इसके अंतर्गत प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल.शर्मा ने बताया कि पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार एवं शनिवार को नामांकन पत्रों का दाखिला हुआ। गौरतलब है कि अध्यक्ष के एक पद के लिए अभय जोशी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ₹बिल्लू बन्ना', बबीता शर्मा, भागीरथ, राधारमण शर्मा, रूपेश कुमार टिंकर तथा महासचिव पद के लिए मुकेश चौधरी, रामेन्द्र सोंलकी, राहुल शर्मा ₹गौतम, योगेन्द्र शर्मा ₹पंचौली' उपाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार सैनी (डी.के.), निखलेश शर्मा, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, राहुल भारद्वाज, विमल सिंह तंवर कोषध्यक्ष पद के लिए अनिल त्रिवेदी, गिरिराज प्रसाद गुर्जर, डी.सी.जैन ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके साथ ही निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार योगी ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों के लिए 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जिसमें अनिता शर्मा ओमवीर भार्गव, उमंग माथुर, एवज पांचाल, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. सैयद शाहनवाज अली, दीपक सैनी, नमोनारायण अवस्थी, शालिनी श्रीवास्तव ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

## रामलीला मैदान में होगी नामांकन सभा

# सीकर से भाजपा प्रत्याशी व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती 26 मार्च को दाखिल करेंगे नामांकन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री सहित प्रदेश व जिले का शीर्ष नेतृत्व रहेंगा मौजूद

चमकता राजस्थान

सीकर। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती 26 मार्च मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने वाले दिन सीकर के रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे नामांकन सभा होगी। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी सहित कई प्रदेश व जिले के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी स्वयं सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने शनिवार को प्रधान चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों की दी।उन्होंने बताया कि नामांकन सभा में जिले के शीर्ष नेतृत्व की मौजूद में जिले भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। नामांकन दाखिल करने के साथ ही जिले में प्रचार के अभियान का आगाज भी हो जायेगा। कहा कि उन्होंने पार्टी से टिकट तय होते ही जिले में प्रचार प्रसार का काम शुरू कर दिया था, लेकिन विधिवत रूप से वे प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने के बाद गांवों तक प्रचार के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर जिले के लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित हो रही योजनाओं व उनके कार्यकाल में जिले में करवाये गये विकास कार्यों के दम पर वे चुनाव में उतरेंगे। उनके विजन व विकास कार्यों को लेकर सामने जो भी विरोधी प्रत्याशी व पार्टी होगी वह टिक नहीं पायेगी और वह भारी बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व राजकुमारी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, लोकसभा चुनाव में जिले के सह संयोजक डॉ. बीएल रणवां, जयपुर संभाग के सह मीडिया प्रभारी प्रकाश दाधीच, जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर, नीलम मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## उप मुख्यमंत्री दीया और राज्यवर्धन ने जमकर साधा पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर निशानाः

# कहा- कांग्रेस सरकार की विफलताएं बताने पर पत्रकारों को किया जाता था परेशान

चमकता राजस्थान

**जयुपर। (खलील कुरैशी)** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है। दोनों ने शुक्रवार को पीसीसी में आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस का हवाला देकर कहा कि कांग्रेस राज में सरकार की विफलताएं बताने पर पत्रकारों को प्रताड़ित किया जाता था। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ट्वीट करते हुए लिखा- कांग्रेस ने सदैव ही दमनकारी नीति को अपनाया है। इससे हर वर्ग के लोगों को कड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार की असफलताएं बताने पर पत्रकारों को परेशान किया जाता था।आपातकाल के दौर में कांग्रेस ने मीडिया पर सेंसरशिप लागू कर आवाज को दबाया। अब जब मीडिया इन्हें इनका असली चेहरा दिखा रहा है तो ये जवाब नहीं दे पा रहे हैं। वहीं, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने ट्वीट किया कि कांग्रेस हमेशा ही पत्रकारों का दमन करती आई है। राजस्थान में पूर्व कांग्रेस सरकार की विफलताएं बताने पर पत्रकारों को प्रताड़ित किया जाता था। आपातकाल में भी कांग्रेस ने मीडिया पर सेंसर शिप लगा दी थी। अब जब मीडिया इन्हें इनका असली चेहरा दिखा रहा है तो ये जवाब नहीं दे पा रहे हैं।



### प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने गहलोत को घेरा था

» पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दरअसल, पूर्व और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी। कांग्रेस के खाते सीज करने के मामले में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई थी। इस कॉन्फ्रेंस में गहलोत ने कई बार गोदी मीडिया शब्द का प्रयोग किया। इस पर पत्रकारों ने कड़ा एतराज जताया। कुछ पत्रकारों ने कहा कि मीडिया का शोषण तो आपके राज में भी कम नहीं हुआ। नेशनल मीडिया के एक पत्रकार ने कहा कि मुझे तो आपकी सरकार ने जेल भिजवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी मैं हाईकोर्ट में केस लड़ रहा हूं। वहीं, कई पत्रकारों ने गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश तथा शशिकांत शर्मा पर भी आरोप लगाए। पत्रकारों ने कहा कि आपके ओएसडी का व्यवहार पत्रकारों के प्रति ठीक नहीं था। वो मीडिया को आप से मिलने तक नहीं देते थे। पत्रकारों के इन आरोपों का जवाब गहलोत प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं दे पाए। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह बेटासरा ने बात को संभालने की कोशिश भी की, लेकिन वे भी इसमें ज्यादा सफल नहीं हो पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### छापोली आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में मनाया फागोत्सव,छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां

- फागोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जमकर उड़ाई गुलाल,चालो देखने बाईसा थारो बीरो नाचे रे



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ’( सुमेर राव)** निकटवर्ती छापोली गांव में स्थितआदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को फागोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया ’ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ’ कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं फागोत्सव के दौरान जमकर गुलाल उड़ाई ’ इस दौरान विद्यालय के संचालक बद्री प्रसाद सैनी ने अपने उद्बोधन में बोलते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही प्रतिभाओं में निखार आता है ’ इसके साथ ही विद्यालय के संचालक बद्री प्रसाद सैनी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी आगंतुक महानुभावों का आभार भी व्यक्त किया ’ इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक पूर्ण चंद कनवाड़िया, लालचंद रागेरा, अंग्रेजी माध्यम के डायरेक्टर नवीन सैनी ,दशरथ सिंह राव, हरलाल सिंह सैनी, मोहम्मद रफीक, किशन लाल, सुशील ,नंदलाल ,सतवीर सिंह ,अनिता सैनी ,सुमन सैनी, संजय रोहिल्ला, धर्मपाल जिलोवा, विजय जिलोवा, बसंत ,बाबूलाल ,राम सिंह, नाजिम, पूरणमल किरोडिया, पंकज सैनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ’

#### केजरीवाल ने जेल से लिखा पत्र

### कहा - कई ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश कर रही है

**नयी दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में बंद है। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने जेल से ही जनता के लिए पत्र लिखा है। दिल्ली के सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को पहली बार मीडिया के सामने आईं और उनका एक पत्र पढ़ा। जेल से लिखे पत्र में केजरीवाल ने कहा कि कई ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं और उन्होंने दिल्ली के लोगों को यह आश्वासन भी दिया कि वह उनकी सेवा में बने रहेंगे। केजरीवाल ने लिखा कि भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना है, इन ताकतों को पहचानना है और उन्हें हराना है। दिल्ली की महिलाएं सोच रही होंगी कि केजरीवाल सलाखों के पीछे हैं। क्या पता एक हजार रुपये मिलेंगे भी या नहीं? मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपने भाई, अपने बेटे पर भरोसा करें।

# विजय संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का सफलतम 1 वर्षीय कार्यकाल

## राजस्थान भाजपा का लक्ष्य सुनिश्चितः 25 सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी को विजयी फूलों की माला पहनायेंगेः- सीपी जोशी

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भाजपा मुख्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के सफलतम एक साल कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा संगठन ने विजय संकल्प दिवस के रूप में मनाया। प्रदेश कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के पहुंचने पर स्वागत करने के लिए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी-एसटी मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ शहर अध्यक्ष राघव शर्मा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और गुलाल उड़कर तीयो जोशी का स्वागत अभिनंदन किया, साथ ही ढोल-नगाड़ों के साथ चंग की थाप पर नाचते गाते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के जयकारे लगाए। इस दौरान



प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने के लिए हम राजस्थान में कमल खिलाएंगे। अभिनदंन समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार प्रकट करता हूं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और प्रदेश की जनता का आभार, धन्यवाद, जिसके कारण 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को उखाड़ कर कमल खिलाने का काम किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन की सरकार बनी हैं। इससे राजस्थान प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सरकार बनने के महज 90 दिनों के अंदर भाजपा ने संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत काम कर दिए। इसके लिए भजनलाल सरकार की टीम भी बधाई की पात्र है, बोंकि सत्ता की जननी संगठन और संगठन की जननी कार्यकर्ता होता है। प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूती देने के लिए और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने के लिए अपना सब कुछ दिया। इस लिए इनका भी अभिनंदन करता हूं।

अब भाजपा का लक्ष्य राजस्थान में 25 सीटों पर कमल खिलाने है। राजस्थान से 25 की 25 सीटों पर कमल को जीताकर विजय की माला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहनानी है। इस दौरान विजय संकल्प दिवस के रूप में मनाए जा रहे भव्य अभिनंदन समारोह के दौरान प्रदेश सह प्रभारी बिजया राहटकर, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जितेन्द्र गोठवाल, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भूपेंद्र सैनी, अजीत मांडण, विधायक कुलदीप धनकड़, त्राल मुकुंदाचार्य, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित सभी मोर्चाध्यक्ष, विभागाध्यक्षों ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

# गुजरात में बीजेपी को दोहरा झटका, एक ही दिन में दो उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से किया इनकार



**अहमदाबाद।**

गुजरात में भाजपा को आज दो बड़े झटके लगे हैं। साबरकांठा से बीजेपी उम्मीदवार भीखाजी ठाकोर ने लोकसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। बीजेपी के घोषित उम्मीदवार भीखाजी ठाकोर ने ऐलान किया है कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे, हालांकि उन्होंने न लड़ने का कारण नहीं बताया है। अब बीजेपी को इन दोनों सीटों पर नया उम्मीदवार चुनना होगा। अभी भी संभवतः एक-दो सीटें बदलने की चर्चा है। इससे पहले वडोदरा से भाजपा उम्मीदवार रंजनबेन भट्ट ने भी चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की थी। गुजरात भाजपा में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के बाद से घमासान मच गया है।

### रंजनबेन भट्ट ने चुनाव न लड़ने का बताया कारण

वडोदरा लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार रंजनबेन भट्ट ने ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि वो अपने व्यक्तिगत कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हैं। वडोदरा लोकसभा सीट पर रंजनबेन भट्ट के नाम की घोषणा हुई है, तब से बीजेपी में विरोध शुरू हो गया है। बीजेपी नेता ज्योतिबेन पंड्या ने ही रंजनबेन भट्ट के नाम का विरोध किया था। शहर के अलग-अलग इलाकों में उनके नाम का विरोध करते हुए बैनर भी लगाए गए। देखना बाकी है कि भाजपा क्या करने का फैसला करती है, क्योंकि अब दो सीटों पर नए उम्मीदवार चुनने होंगे।



# पीएम मोदी ने भारत की सहायता से भूटान में बने आधुनिक अस्पताल का किया उद्घाटन

**थिम्पू /एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान में अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अस्पताल को अत्याधुनिक बताया, जो भारत सरकार की सहायता से बनाया गया है। पीएम मोदी ने इसे कई परिवारों के लिए ‘आशा की किरण’ बताया। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा



प्रदान कर कई परिवारों के लिए आशा की किरण है। यह सुविधा एक स्वस्थ भावी पीढ़ी के पोषण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।भारत सरकार ने 150 बेड के इस अस्पताल को बनाने में सहायता दी है। अस्पताल के पहले चरण के निर्माण में 22 करोड़ की लागत आई थी, जो 2019 से ही चालू है। अस्पताल के दूसरे चरण का निर्माण कार्य 2019 में शुरू किया गया था। वहीं, 12वीं पंचवर्षीय योजना के हिस्से के रूप में 119 करोड़ की लागत से अब इस अस्पताल को पूरा किया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, यह अस्पताल बच्चों और माताओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।विदेश मंत्रालय ने आगे अपने बयान में कहा, अस्पताल में बाल चिकित्सा, स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान, एनेस्थिसियोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर, नवजात देखभाल और बाल चिकित्सा देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किए गए पीएम मोदी ने आने वाले पांच वर्षों में हिमालयी राष्ट्र के लिए 10,000 करोड़ रुपये की सहायता की भी घोषणा की है। उनकी यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के अनुरूप है।

### भूटान के राजा ने इस खास अंदाज में एयरपोर्ट पर पीएम मोदी को दी विदाई

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के भूटान के राजकीय दौरे से जब वापस लौट रहे थे तो वहां के राजा और पीएम टोबगे उन्हें छोड़ने हवाई अड्डे पर पहुंचे. इस खास सम्मान से पीएम मोदी गदगद दिखे. उन्होंने इस खास सम्मान के लिए भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक को धन्यवाद दिया. साथ ही पीएम मोदी ने भूटान के पीएम टोबगे का भी शुक्रिया अदा किया. पीएम मोदी ने सोशल एक्स पर लिखा, ₹ मेरे दिल्ली लौटते समय भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के हवाई अड्डे पर आने के विशेष भाव से मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं.₹ इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने भूटान के राजकीय दौरे को बेहद खास बताया. पीएम मोदी ने कहा कि उनको राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और पीएम टोबगे के साथ ही भूटान के अन्य प्रतिष्ठित लोगों से मिलने का अवसर मिला. उनके साथ बातचीत से भारत-भूटान की दोस्ती में और भी मजबूती आएगी. इसके साथ ही 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित होने पर भी पीएम मोदी ने आभार जताया.

# सिनेमा और होली
## चोली-दामन का रिश्ता



प्यार, तकरार, साजिश हो या भावनाओं की उथल-पुथल की अभिव्यक्ति, हिंदी सिनेमा में फिल्म निर्माताओं ने रंगों के त्योहार होली को एक सटीक पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए हमेशा से उपयोग किया है। पांच दशक से भी ज्यादा समय से हिंदी फिल्मों में होली के गीत काफी प्रचलित हैं। 1950 के युग की रंगीन फिल्मों में यह त्यौहार निर्माताओं के लिए पर्दे पर रंग छिड़कने का एक मौका देता था। हम सभी फिल्मी पर्दे पर कई दशकों से त्योहारों का जश्न मनते देखते आ रहे है। फिल्मों में सबसे ज्यादा होली के त्योहार को मनाया जाता है। कई फिल्मों के होली सीक्वेंस के बाद ही हमें ट्विस्ट देखने को मिले तो वहीं यादगार गाने भी मिले हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं बॉलीवुड की वो कौन सी फिल्म थी, जिसने होली के रंग असल में सबसे पहले पर्दे पर बिखेरे थे?



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पहली बार जिस फिल्म में होली के सीन थे वह 'औरत' थी। यह एक ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म थी। इसमें होली का जश्न तो दिखा, मगर असल रंग नहीं दिख पाए। 50 के दशक में एक और फिल्म 'आन' आई। इसमें दिलीप कुमार और निम्मी की जोड़ी नाचते-गाते होली खेलते दिखी थी। दिलीप कुमार की टेक्नीकलर फिल्म 'आन' में ही सबसे पहले दर्शकों को होली के असली रंगों को पर्दे पर देखा था। उस वक्त अलग-अलग रंगों के साथ होली के गीतों पर नाचते-गाते कलाकारों को देखना मानो जादुई था।




### महबूब खान थे प्रोड्यूसर

दिलीप कुमार की फिल्म 'आन' के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर महबूब खान थे। फिल्म में प्रेमनाथ और नादिरा भी थे। ये नादिरा की पहली फिल्म भी थी। फिल्म का होली गीत 'खेलो रंग हमारे संग' बेहद शानदार बन गया था। ये गाना काफी समय तक दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना रहा।
वैसे फिल्मों की होली और उससे जुड़े गाने हमेशा से ट्रेंड में रहे हैं। लेकिन 50 के दौर तक फिल्मी दुनिया रंगीन हो चुकी थी। इस वजह से होली जैसे त्योहारों की चमक सिल्वर स्क्रीन पर भी नजर आने लगी थी। दिलीप कुमार की मूवी 'आन' के बाद फिल्मी पर्दे पर होली को फिल्माने का एक चलन-सा शुरू हो गया।

उसके बाद तो कई मशहूर फिल्मों में होली सीन्स को दर्शाया गया। आज भी बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं, जिन्हें उनके होली सीन्स की वजह से याद किया जाता है।1958 की फिल्म मदर इंडिया का 'होली आई रे कन्हाईङ्ख' क्लासिक होली गाने के तौर पर याद किया जाता है। इस गाने को होली पार्टियों में अक्सर बजाया जाता है।

मदर इंडिया के बाद फिल्म नवरंग का गीत 'जा रे हट नटखटङ्ख' फिल्माया गया। इसके बाद से फिल्मों में होली सीक्वेंस डालने का यह सिलसिला आज तक चला आ रहा है। होली के सीन्स और गाने फिल्म को हिट कराने की गारंटी माने जाने लगी। होली के गाने पॉपुलर होने लगे। इससे फिल्म को फायदा मिलता। ऐसा लगने लगा मानो, सिनेमा और होली के बीच चोली-दामन का साथ हो। आज की नई फिल्मों में अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन संग टाइगर श्रॉफ जैसे सितारे होली के जबरदस्त गानों पर थिकरते दिखे जा सकते हैं।



### आज भी लोग थिरकते हैं होली के इन गानों पर

होली के त्योहार पर 'होली खेले रघुवीर आ अवध में' गाना न बजे ऐसा तो हो ही नहीं सकता।ये गाना है साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म बागबान का। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी नजर आए थे। इस फिल्म का ये गाना सुपरहिट है। यूट्यूब पर इस गाने को 27 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया।

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी का वैसे तो हर गाना बेहद शानदार था। लेकिन इस फिल्म के होली वाले गाने ने फिल्म में जान डाल दी थी। इस फिल्म में होली स्पेशल गाना था बलम पिचकारी। होली के दिन लोग अक्सर इस गाने पर डांस करते हैं। ये फिल्म साल 2013 में आई थी।

साल 2000 मे शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन की फिल्म मोहब्बतें बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी तो कई सारी लव स्टोरी पर बेस्ड है। लेकिन इस फिल्म का होली सीन काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म में शाहरुख खान अपने स्टूडेंट्स के लिए होली की परमिशन लेने अमिताभ बच्चन के पास जाता है। और उन्हें भी रंग लगा देते हैं। जिसके बाद उनकी म्यूजिक क्लास वाले स्टूडेंट्स को होली खेलने की परमिशन मिल जाती है।

होली हो और अमिताभ बच्चन की शोले फिल्म की बात न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। साल 1975 में आई फिल्म शोले बड़े पर्दे की सुपरहिट फिल्म रही थी। इस फिल्म को आज भी लोग देखना पसंद करते हैं। फिल्म का होली सीक्वेंस बेहद शानदार है। इस फिल्म का गाना 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' लोगों को खूब पसंद आता है। इस गाने में अमिताभ बच्चन , हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक साथ होली खेलते हैं। इस गाने को यूट्यूब पर 11 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले हैं।

वरुण धवन और आलिया भट्ट की फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया का गाना आज के यूथ के सिर चढ़ कर बोलता है। ये गाना है 'खेलन क्यों न आए तू होली ओ रसिया' ।इस गाने में फिल्म के लीड एक्टर्स का डांस खूब पसंद किया गया था। होली पर साल 2017 में रिलीज हुई इस फिल्म का गाना बजना भी मस्त है।

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा की फिल्म वक्त का होली सॉन्ग भी खूब फेमस है। होली पर आपको ये गाना भी सुनने के लिए मिल जाएगा। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म का गाना था लेट्स प्ले होली। साल 2005 में ये फिल्म आई थी। फिल्म में अक्षय कुमार को जिम्मेदार बनाने के लिए अमितभ बच्चन कई तरह की ट्रिक्स का इस्तेमाल करते हैं।

शाहरुख खान, सनी देओल और जूही चावला की फिल्म 'डर' सुपरहिट थी। इस फिल्म का होली सॉन्ग लोगों को खूब पसंद आया था। गाने के बोल थे- अंग से अंग लगाना। इस गाने पर तीनों एक्टर्स ने बेहद शानदार डांस किया था। ये फिल्म साल 1993 में रिलीज हुई थी।इसके गाने लोग आज भी सुनना पसंद करते हैं।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने 90 दिनों में किए जनहित के ऐतिहासिक फैसलेः राज्यवर्धन सिंह राठौड़

## कांग्रेस सरकार के 5 सालों में अराजकता और भ्रष्टाचार पहुंचा चरम पर, डबल इंजन सरकार ने 90 दिनों में किया सफायाः राज्यवर्धन सिंह राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के 90 दिनों के कार्यों को लेकर प्रेसवार्ता की। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 1800 दिनों के कुशासनकाल में अराजकता और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, गृहमंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संगठन की बदौलत प्रदेश की भजनलाल सरकार ने महज 90 दिनों में जनहित के कई ऐतिहासिक फैसले किए।

कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस सरकार के 5 साल और दूसरी ओर भजनलाल सरकार के 90 दिनों का अंतर साफ नजर आ जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जहां 21 जिलों के लिए 2 लाख 80 हजार हेक्टैयर जमीन सिंचाई तथा 40 प्रतिशत आबादी के लिए पीने के पानी की समस्या का समाधान करते हुए ईआरसीपी योजना पर समझौता किया। वहीं शेखावाटी के चूरू, नीमका थाना, सीकर और झुंझुनूं जिलों के लोगों के लिए यमुना जल समझौत कर पानी की समस्या को दूर करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। ये वो कार्य है जिसपर कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को कई वर्षों तक गुमराह करने का कार्य किया।

कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हर तरफ घोटालों की इंडस्ट्री खोल रखी थी। उन इंडस्ट्रियों को सफाया करने का काम भजनलाल सरकार ने 90 दिनों के कार्यकाल में किया।




कांग्रेस दिखावे के नाम पर महंगाई राहत शिविर लगाती थी, लेकिन पेट्रोल-डीजल की दरों में कमी नहीं की गई। भजनलाल सरकार ने 90 दिनों के कार्यकाल में पेट्रोल डीजल पर 2 प्रतिशत वैट कम किया। इसके साथ ही प्रदेशभर में पेट्रोल डीजल की कीमतों को लगभग समान कर दिया।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार ने पेपरलीक मामले में सख्ती दिखाते हुए एसआईटी का गठन किया और पेपरलीक माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया। इतना ही नहीं, भजनलाल सरकार इस वर्ष करीबन 70 हजार युवाओं को नौकरी देगी।

● **कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सरकार के 90 दिनों के कार्यों पर की प्रेसवार्ता**

कांग्रेस राज में जहां महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार के मामलों में राजस्थान प्रथम और लूट, डकैती जैसी वारदातों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा था, वहीं भजनलाल सरकार ने महज 90 दिनों के कार्यकाल में इस ग्राफ को कम करने के लिए एंटी गैंग टास्क फोर्स का गठन किया और बदमाशों को सलाखों तक पहुंचाया। यह भजनलाल सरकार ही है जिसने महिलाओं को 450 रूपए में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा पूरा किया। भाजपा सरकार ने प्रदेश के करीबन 3 हजार वरिष्ठ नागरिकों को राम मंदिर की निःशुल्क यात्रा करवाई तो संभाग स्तर से अयोध्या के लिए बस सेवा का शुभारंभ भी किया तथा जयपुर से अयोध्या तक विमान सेवा भी शुरू की गई।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार का प्रयास है कि 2030 तक राजस्थान को उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस दिशा में 2 लाख 24 हजार करोड़ का निवेश किया जाएगा। वहीं प्रदेश में थर्मल पावर एवं अक्षय पावर उर्जा के लिए कार्य किया जा रहा है। इससे 31825 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य योजना शुरू की है, इससे हर परिवार को 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी मिलेगी। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि को राज्य सरकार ने 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार कर दिया। इसके साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को बोनस दिया, गोपालन के लिए किसानों को बिना ब्याज पर ऋण मुहैया करवाया जा रहा है। रोडवेज की बसों में 60 से 80 वर्ष के नागरिकों को 50 प्रतिशत तक के किराए में छुट प्रदान की गई है तो आंगनबाडी के कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी, गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सहायता राशि को 6 हजार 500 रूपए, 70 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म खरीदने के लिए प्रतिवर्ष 1 हजार रूपए देने की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान करीबन 4 करोड़ लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इसमें 2 करोड़ 73 लाख लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई तो 17 लाख किसान क्रेडिट कार्ड लागू किए गए, पीएम सुरक्षा बीमा में 10.64 लाख एवं पीएम जीवन ज्योति बीमा में 6.10 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन लौटा रही युवा अल्हड़पनः राजीव अरोड़ा



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के पूर्व स्कॉलर्स की संस्था यूनिराज अलुमिनी फेडरेशन का संगीतमय होली मिलन समारोह कल संपन्न हुआ।फेडरेशन के फाउंडर चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने कहा संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम में अनेकों वरिष्ठ पूर्व स्कॉलर्स की उपस्थिति और उनके एनर्जी स्तर ने उनके युवा अल्हड़पन को पुन जीवित कर दिया। गौरतलब है यूनिराज के संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम में 50/60/70 के दशक के अनेकों स्कॉलर्स ने होली के पारंपरिक और फिल्मी गानों पर जम के डांस और धमाल किया। कार्यक्रम की शुरुआत मौजूदा वाइस चांसलर अल्पना कटेजा, फाउंडर डायरेक्टर आलोक गुप्ता, नितिन शारदा भगेरिया, वरिष्ठ स्कॉलर्स एन के जैन, सुधीर माथुर, फेडरेशन के पदाधिकारी अनिल गोयल, बसंत जैन, गिरिराज शर्मा, संजय झांवर, प्रतिभा शर्मा इत्यादि ने गणेश पूजन एवम गणपति वंदना से की। कार्यक्रम में डॉ के एल जैन, डॉ प्रकाश चबलानी के गाए पुराने गीतों ने युवा दिलों की धड़कन बढ़ा दी। चेयरमैन राजीव अरोड़ा के प्रयासों से गठित इस फेडरेशन के प्रति पुराने स्कॉलर्स की जुड़ने की संख्या में तेजी से इजाफा होने की शुरुआत अब हो चुकी है।

### बंशीवाल मानव सेवा समिति ने मनाया होली मिलन समारोह।




**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** बंशीवाल मानव सेवा समिति ने बड़ी धूमधाम से होली मिलन समारोह रतन वाटिका मैरिज होम पक्का बागभरतपुर में मनाया होली मिलन समारोह में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।समिति के अध्यक्ष हेमन्त बंशीवाल (पीरनगर वाले) ने बताया कि होली का त्योंहार आपस में मिल जुलकर मनाएं। और अपने सभी पिछले मनमुटाव व शत्रुता को भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर प्यार बनाएं।अध्यक्ष हेमंत बंशीवाल ने 10 मई 2024 को सामुहिक विवाह सम्मेलन के बारे में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों को सम्मेलन की रूपरेखा बनाकर उनको जिम्मेदारी सौंपी गई।

होली मिलन समारोह में भगवान सिंह पीरनगर, विजयपाल सोनोटी, रतन सिंह (रतन वाटिका मैरिज होम वाले) बाबूलाल सैनी, मयंक सैनी, रोहित सैनी, अतर सिंह सैनी, तेजा जाटव, बाबूलाल जाटव, मुन्नालाल बघेल, उमाशंकर शर्मा, श्याम बाबू जाट, अमित बंसीवाल, सोनू जाटव, सुमित, समीर आदि लोग उपस्थित रहे।

# धौलपुर जिला पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत अवैध जुआ के खिलाफ दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

● **,10 जुआरीयों को किया गिरफ़्तार**

चमकता राजस्थान



धौलपुर !(रामदास तरुण) पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर एवं महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश आई.पी.एस. द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ₹ऑपरेशन क्लीन स्वीप₹ के तहत जिला धौलपुर के बाड़ी थाना सदर की बड़ी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर सुमित मेहरडा आई.पी.एस. के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक एडीएफ (बाडी) कमल कुमार जागिंड एवं नरेन्द्र कुमार आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी के निकटतम पर्यवेक्षण में थानाधिकारी विनोद कुमार थाना बाडी सदर के नेतृत्व में कल दिनांक 22.03.2024 को थाना बाडी सदर पुलिस व क्यूआरटी बाडी ने संयुक्त रूप से अवैध जुआ के खिलाफ कार्यवाही,10 जुआरी गिरफ्तार एवं कुल जुआ राशि 56730 रू. जब्त किये गये एवं मौके पर मिली 10 मोटरसाईकिलों को धारा 207 टश अू३ में जब्त किया गया ।कल दिनांक 22.03.2024 समय करीब 05.30 पर सूचना मिलने पर थान जाप्ता व क्यूआरटी बाडी द्वारा तुलसीवन मुक्तीधाम के पास छुपकर जुआ खेल रहे 10 व्यक्तियों को हमराही जाप्ता की मदद से पकडा एवं नाम पता पूछा तो रामस्वरुप गुर्जर, महेन्द्र गुर्जर, देवेन्द्र कुशवहा, मुन्शी गुर्जर, महेन्द्र गुर्जर पुन्नी कुशवहा, अशोक ब्राहम्ण, रामदास गुर्जर, बदनसिंह गुर्जर, राजू प्रजापति, हरवीर गुर्जर, जिला धौलपुर होना बताया जिनको अवैध रूप से जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से कुल जुआ राशि 56730 रू. व जुआ उपकरण जब्त किये तथा मौके पर रखी जुआरीयों की 10 मोटर साईकिलों को धारा 207 टश अू३ में जब्त किया गया। जिनके खिलाफ अभियोग पंजीबद्ध कर विधिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही करने वाली टीम,विनोद कुमार 30 नि० थानाधिकारी थाना बाडी सदर, सत्य प्रकाश हैड कानि0 780 थाना बाडी सदर।

# श्री बजरंग सेवा समिति गुमट मंदिर बाड़ी की कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

चमकता राजस्थान



धौलपुर (रामदास तरुण) जिला धौलपुर की बाड़ी उपखण्ड में श्री बजरंग सेवा समिति की गुमट मंदिर पर कार्यकारिणी की बैठक गौरी शंकर कटारा के सानिध्य में रखी गई जिसमें सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई उसके बाद आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया! जिसे सभी ने ध्वनि मत से पारित किया उसके बाद आगामी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती उत्सव के बारे में चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की हनुमान जयंती दिव्य एवं भव्य तरीके से मनाई जाएगी पूरे मंदिर पर फूलों से एवं लाइट से सजावट की जाएगी तथा हनुमान जी का छप्पन भोग का प्रसाद भी लगाया जाएगा।सुंदर काण्ड के पाठ का आयोजन किया जाएगा। सभी के विचार से 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर एक शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया, इसके संयोजक रामकुमार बंसल चौधरी एवं सहसंयोजक अनिल गर्ग को बनाया गया पूरी बड़ी बस्ती के सहयोग से ही हनुमान जयंती उत्सव मनाया जाएगा तथा भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस अबसर पर समिति के रमेश शास्त्री,उपाध्यक्ष विजय सिंगल डेरी वाले ,महामंत्री सुभाष चंद्र बंसल ,कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग कांकराई वाले, संगठन मंत्री रामकुमार शर्मा सुरौठी वाले मीडिया प्रभारी रामकुमार बंसल दुर्गा प्रसाद गर्ग, राजेंद्र मंगल खन्ना, राजू शिवाहरे, नीतू सीमेंट वाले, विपिन सिंगल महावीर गोयल खरगपुर वाले,संजय बंसल,उमेश हलवाई,महेश चंद,केशव शर्मा,ऋषि कपरेले ,मदन मोहन बंसल आदि महानुभाव उपस्थित थे।

### धौलपुर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का हुआ विधिवत आयोजन

● **जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व- जिला कलक्टर**



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** धौलपुर, 23 मार्च आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए जिले में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने कहा है कि जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य जब भी उनके क्षेत्र में कोई धार्मिक आयोजन, उत्सव हो ऐसे में वहां सौहार्द बनाए रखने में मददगार बनें। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन को देखते हुए क्षेत्र मेंआमजन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पैदा नहीं हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखें तथा उसकी जानकारी प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन के दौरान कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सदभावना को ठेस पहुंचाने वाले तथा उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा और न ही ऐसा कोई भाषण एवं उदबोधन देगा। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करेगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने कहा कि पुलिस आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए पूर्णतः सतर्क एवं चौकन्ना रहेगी। कानून व्यवस्था को बरकरार रखने हेतु त्यौहारों के अवसर पर गश्त इत्यादि में वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि यद्यपि जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से शांतिपूर्ण इतिहास रखता है, पुलिस एवं प्रशासन ऐसे व्यक्तियों को पाबंद करेगा जो कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए चुनौती हो सकते हैं।इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेगा, और इनका सार्वजनिक स्थल पर उपयोग नही करेगा तथा जिले में किसी भी प्रकार के धारदार अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगा। जिले में कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थानों पर विचरण नही करेगा। कोई भी व्यक्ति, संस्था या जनसमूह किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक विद्वेष उत्पन्न करने वाले आपत्तिजनक व उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा सहित शान्ति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# भारत की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को विनम्र श्रद्धांजलिः रवि नैय्यर

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर ने आज शहीद दिवस पर आदर्श नगर स्थित भगत सिंह पार्क में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी ₹शहीद ए आजम₹ भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर भाजपा नेता रवि नैय्यर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह बचपन से ही देशभक्त थे और युवावस्था के प्रारंभ से ही उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया था। 1928 में जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए उन्होंने सांडर्स की हत्या की और ब्रिटिश सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए 1929 में उन्होंने राजगुरु व सुखदेव के साथ केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका। उसके बाद उन्हें साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया गया और 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में तीनों को फांसी दी गई।

रवि नैय्यर ने आगे कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक दिशा में मोड़ दिया। 'शहीद ए आजम' भगत सिंह ने 'इंकलाब जिंदाबाद' की घोषणा की और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक उत्सव में तब्दील कर दिया। भारत की आजादी में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के योगदान के लिए पूरा देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, हरजिंदर सिंह(पप्पू), विनय कूलवाल, मंडल महामंत्री किशोर मोतयानी, जितेन्द्र सचदेवा, संजीव नारंग, परमजीत सिंह कपूर (लक्की),भानू प्रताप नैय्यर, गुलशन मक्कड़, जगदीश खत्री, दिलीप चोपड़ा एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929